जैकेट के शेष

सराफा कारोबारी के ....

मौके पर पहुंचे थे और प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया। काफी देर तक चली बातचीत के बाद सड़क से शव हटाया गया और जाम समाप्त कराया गया, लेकिन व्यापारियों का आक्रोश बना रहा। जिले के सभी व्यापारी संगठनों ने जिला बंद का ऐलान किया।दूसरे दिन बुधवार की सुबह से ही गौरेला और पेंड्रा सहित जिला पूरी तरह बंद रहा। व्यापारियों ने साफ कहा कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती, आंदोलन जारी रहेगा। इधर पीड़ित परिवार पोस्टमार्टम कराने को तैयार नहीं था। परिजनों का कहना था कि अपराधियों की गिरफ्तारी तक पोस्टमार्टम नहीं कराया जाएगा। हालांकि पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की समझाइश के बाद परिजन पोस्टमार्टम के लिये तैयार हुए।

आईजी गर्ग ने ली बैठकः पेंड्रा के गोली कांड में हत्या के मामले में पेंड्रा में बिलासपुर रेंज के आईजी रामगोपाल गर्ग और जिला कलेक्टर श्री देवांगन एवं प्रभारी पुलिस अधीक्षक एवं अन्य अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान कांग्रेसजन ने पीड़ित परिवार के लिए तुरंत न्याय, सोनी परिवार के लिए मुआवजे, अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार करने एवं बॉर्डर सील किए जाने की मांग की।

सराफा एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे घटनास्थल : घटना की जानकारी मिलते ही सराफा एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कमल सोनी आईजी के साथ घटनास्थल पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। प्रदेश अध्यक्ष श्री सोनी ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि बाजार में इस प्रकार की जघन्य वारदात कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

हत्यारों का कोई ....

भी पुलिस को हत्यारों के भागने का सीसीटीवी फुटेज नहीं मिला लेकिन घटना स्थल के आसपास और बैरियर के पास फुटेज मिले हैं, जिसमें हेलमेट लगाए बाइक सवार दिखाई दे रहे हैं।पुलिस अभी इसकी बारीकी से जांच कर रही है। हत्यारों के मरवाही होते हुए भागने की बात सामने आ रही है। उसी आधार पर पुलिस की एक टीम मध्य प्रदेश व दूसरी टीम कोरबा पसान क्षेत्र में हत्यारों का सुराग लगा रही है। बहरहाल दूसरे दिन भी पुलिस पल्सर सवार हत्यारों का सुराग नहीं लगा पाई है।

खाड़ी के युद्ध से .....

मानसून के आने के पहले किसानों को इस बार डीएपी और यूरिया खाद के संकट से जूझना पड़ रहा है। दुर्ग संभाग के जिलो में निर्धारित लक्ष्य के अनुपात आपूर्ति काफी कम होने के कारण किसानों को पर्याप्त खाद नहीं मिल पा रही है। इस बीच राज्य के कृषि विभाग के नए फॉर्मूले के तहत इस खरीफ सीजन में पारंपरिक रासायनिक खादों की आपूर्ति सीमित कर दी गई है। दुर्ग संभाग के सात जिलो में यूरिया का भंडारण सिर्फ 44 फीसदी हुआ है। वहीं हाल सर्वाधिक डिमांड वाले डीएपी खाद का भी है। संभाग में 26 फीसदी भंडारण और चार फीसदी वितरण हुआ है। सोसायटियों में यूरिया के कोटे में 20% और डीएपी के कोटे में 40% तक की भारी कटौती कर दी गई है। राजनांदगांव के किसान रामकुमार साहू का कहना है कि धान की बंपर पैदावार के लिए तय मात्रा में यूरिया-डीएपी जरूरी है, लेकिन सरकार उन्हें कम खाद दे रही है।

कवर्धा और दुर्ग में भंडारण कम : दुर्ग संभाग में खाद की सर्वाधिक किल्लत कवर्धा और दुर्ग जिले में सामने आ रही है। कवर्धा में जहां सिर्फ 42 फीसदी और दुर्ग में 43 फीसदी भंडारण हुआ है। वहीं राजनांदगांव जिले में 57 फीसदी, खैरागढ़- छुईखदान- गंडई जिले में 46 फीसदी, मोहला-मानपुर- चौकी जिले में 64 प्रतिशत, बालोद में 58 प्रतिशत, बेमेतरा में 46 फीसदी उर्वरक का भंडारण हुआ है।

टोकन सिस्टम से बढ़ी परेशानी : नई नीति के अनुसार, लघु किसानों को यूरिया दो किस्तों में और 5 एकड़ से अधिक वाले बड़े किसानों को तीन चरणों (किस्तों) में दिया जा रहा है। बेमेतरा के किसान मनराखन देवांगन का कहना है कि उन्हें एक ही फसल के लिए बार-बार ट्रैक्टर या गाड़ियां किराए पर लेकर सोसायटियों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। इससे उनका परिवहन खर्च दोगुना हो गया है और खेती की लागत बढ़ रही है।

खाद संकट और ....

वितरण की ऑनलाइन व्यवस्था लागू करने से पारदर्शिता बढ़ेगी और किसानों को समय पर खाद मिल सकेगी। हालांकि किसान ऑनलाइन व्यवस्था को लेकर संशय में हैं। उनका कहना है कि गांवों में नेटवर्क और तकनीकी समस्याओं के कारण छोटे किसानों को परेशानी हो सकती है। भारतीय किसान संघ कबीरधाम के अध्यक्ष डोमेन सिंह चंद्रवंशी ने चेतावनी दी है कि समय पर खाद उपलब्ध नहीं हुई तो बोवाई प्रभावित होगी और उत्पादन घट सकता है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यदि बढ़ती लागत और खाद आपूर्ति की समस्या पर नियंत्रण नहीं किया गया तो छोटे और मध्यम किसान खेती से दूर होने लगेंगे।

नैनो पर भरोसा ....

बिना उचित जमीनी प्रशिक्षण के पारंपरिक यूरिया की जगह नैनो यूरिया थोपना उनकी फसल को बर्बाद कर सकता है।

30 फीसदी तक ....

हरापन प्रभावित हो रहा है। किसान इसे विशेष रूप से ड्रिप सिस्टम वाली खेती के लिए उपयोगी मानते हैं, जबकि प्रदेश में अधिकांश किसान पारंपरिक तरीके से धान की खेती करते हैं। वहीं कृषि विशेषज्ञों की राय अलग है। कृषि वैज्ञानिक वीके जैन के अनुसार डीएपी की कमी को देखते हुए वैकल्पिक उर्वरकों को बढ़ावा दिया गया है। उनका कहना है कि संतुलित मात्रा और सही समय पर उपयोग करने से इनका लाभ मिल सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि केवल नैनो खाद पर निर्भर रहने के बजाय मृदा परीक्षण के आधार पर जैविक और रासायनिक खाद का संतुलित उपयोग जरूरी है।

किसानों को उठाना पड़ रहा नुकसान : प्रदेश में परंपरागत खाद की जगह वैकल्पिक खाद का उपयोग करने से धान की पैदावारी 30 प्रतिशत प्रभावित है। प्रदेशभर में डीएपी व यूरिया सरकार पर्याप्त रूप से उपलब्ध नहीं करवा पा रही है। नैनो डीएपी, नैनो यूरिया और अन्य वैकल्पिक खाद लिक्विड फार्म में है। इसके इस्तेमाल से रिजल्ट का पता ही नहीं चल पा रहा है। किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों की ऐसी शिकायत है। इसलिए प्रदेश सरकार को चाहिए कि वे सॉलिड खाद ही किसानों को पूर्ण रूप से उपलब्ध करवाए।

-राजकुमार गुप्ता,
अध्यक्ष, छग प्रगतिशील किसान संगठन।

पेज एक के शेष

वैभव बने 'सिक्सर किंग'...

अर्धशतक पूरा कर लिया। इसके साथ ही वह आईपीएल नॉकआउट/प्लेऑफ के इतिहास में सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले संयुक्त रूप से पहले बल्लेबाज बन गए हैं।

एसआईआर पर मुहर...

आयोग को संविधान के अनुच्छेद 324 और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम (आरपीए) की धारा 21(3) के तहत विशेष पुनरीक्षण करने का अधिकार प्राप्त है। बिहार में एसआईआर को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं का निपटारा करते हुए उच्चतम न्यायालय ने कहा कि मतदाता सूची से नाम हटाना इस बात की कानूनी घोषणा नहीं है कि कोई व्यक्ति नागरिक नहीं है।

भीषण गर्मी में पेड़ों से...

लगभग 200 चमगादड़ों की मृत्यु हुई है। मृत चमगादड़ों के किए गए प्रारंभिक शव परीक्षण में प्रथम दृष्टया अत्यधिक तापमान को ही मृत्यु का मुख्य कारण माना गया है। किसी भी अज्ञात वायरस या संक्रमण के लक्षण नहीं पाए गए हैं।

पांडेय राज्य के नए प्रधान...

पर आगामी 13 महीने तक अपनी सेवाएं देंगे। वर्तमान में वे पीसीसीएफ (वाइल्ड लाइफ) की जिम्मेदारी संभाल रहे अरुण पांडेय को सरकार ने उनके बेहतरीन ट्रैक रिकॉर्ड के आधार पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। इस नियुक्ति में उन्होंने अपने दो सीनियर अधिकारी कौशलेंद्र सिंह और अनिल साहू को सुपरसीड किया है।

श्री राव दो दिन पहले सेवानिवृत्त हो रहे : वर्तमान पीसीसीएफ, वनबल प्रमुख वी. श्रीनिवास राव की 31 मई को सेवानिवृत्ति थी, 30 तथा 31 मई को शासकीय अवकाश होने की वजह से श्री राव दो दिन पूर्व 29 मई को सेवानिवृत्त होंगे। उसी दिन श्री राव अपना चार्ज अरुण पाण्डेय को सौंपेंगे। प्रशासनिक गलियारे में श्री राव को एक्सटेंशन दिए जाने की चर्चा थी। पीसीसीएफ का पद प्रशासनिक नहीं होने की वजह से यह संभव नहीं था। अगर ऐसा होता, तो देश के इतिहास में किसी पीसीसीएफ को एक्सटेंशन देने का यह पहला प्रकरण होता।

रामसार साइट में शामिल कराने विशेष भूमिका : राज्य के बिलासपुर स्थित कोपरा जलाशय नामक वेटलैंड को रामसार साइट में शामिल कराने अरुण पाण्डेय की प्रमुख भूमिका रही। उनके प्रयासों की वजह से राज्य बनने के दो दशक बाद राज्य के किसी जलाशय को अंतर्राष्ट्रीय वेटलैंड सूची में जगह मिलना संभव हुआ। इसके अलावा, राज्य के टाइगर रिजर्व और वन्यजीव संरक्षण के मामलों में भी उनकी सक्रिय भूमिका रही है, जिसे देखते हुए सरकार ने उन्हें विभाग की सर्वोच्च जिम्मेदारी सौंपी है।

आमरण अनशन और...

नेता के खिलाफ दर्ज आर्म्स एक्ट की धाराओं को हटाने का आश्वसन दिया गया है। इस बीच थाना प्रभारी बिश्रामपुर को भी हटाने का वादा किया गया। एसडीएम और एएसपी की ओर से दिए गए आश्वासन के बाद अनशन व भूख हड़ताल को समाप्त की गई। **मुद्दे के लिए खड़े होने पर होता है दूरगामी परिणामः सिंहदेव :** पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा कि गलत कार्रवाई से व्यक्ति की स्वतंत्रता पर घात हो रहा था। गलत कार्रवाई से पूरे तंत्र पर गलत प्रभाव डालने की स्थिति बन रही थी।

सीतापुर विधायक समर्थकों ....

बाहर निकालने का आरोप लगाया है। महिला की शिकायत के बाद सीतापुर थाने में नायब तहसीलदार के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया गया है। इस घटना के बाद जिले में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो की बड़ी बहन कोटछाल निवासी श्रीमती सीमा धनकी पति मुकेश धनकी ने जेल में बंद पति को पैरोल पर बाहर निकालने के लिए शोध क्षमता प्रमाण पत्र बनवाने के लिए राजापुर नायब तहसीलदार तुषार माणिक के कार्यालय में 14 मई को आवेदन किया था। फाइल में कागजी कार्रवाई पूर्ण कर ली गई थी और सिर्फ नायब तहसीलदार के हस्ताक्षर और सील की जरुरत थी। सीमा धनकी का आरोप है कि नायब तहसीलदार द्वारा उन्हें लगातार घुमाया जा रहा था।

विधायक भी पहुंचे....

खिलाफ जाति सूचक गाली गलौज, धमकी व अन्य धराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। इधर नायब तहसीलदार की ओर से कोई भी शिकायत अब तक दर्ज नहीं कराई गई है।

पीएम मोदी ने ....

स्थिति 'लू लगने' (हीटस्ट्रोक) जैसी गंभीर समस्या का रूप ले सकती है। ऐसे समय में आपकी सतर्कता और देखभाल किसी का जीवन बचा सकती है।

राशिफल

मेष धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

वृष वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

मिथुन शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

कर्क आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

सिंह सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

कन्या किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

तुला मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

वृश्चिक शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

धनु आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

मकर व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

कुंभ मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

मीन परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

सीबीएसई की नई नीति पर केंद्र से भी जवाब तलब

सुप्रीम कोर्ट का सीबीएसई की दो क्षेत्रीय भाषाओं की अनिवार्यता पर रोक लगाने से किया इंकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सीबीएसई की उस नई भाषा नीति पर तत्काल रोक लगाने से इनकार कर दिया, जिसके तहत कक्षा 9 और 10 के छात्रों के लिए तीन भाषाओं का अध्ययन अनिवार्य किया गया है, जिनमें कम से कम दो भारतीय/क्षेत्रीय भाषाएं शामिल होंगी। हालांकि, शीर्ष अदालत ने इस नीति को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के लिए सहमति जताते हुए केंद्र सरकार, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) और एनसीईआरटी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

15 व 16 जुलाई को होगी अगली सुनवाई

क्या है सीबीएसई की नई भाषा नीति?

सीबीएसई द्वारा जारी हालिया सर्कुलर के अनुसार, 1 जुलाई से कक्षा 9 के छात्रों के लिए तीन भाषाओं का अध्ययन अनिवार्य होगा। इस नई व्यवस्था के तहत छात्रों को तीन भाषाएं पढ़नी होंगी और इनमें से कम से कम दो भारतीय मूल की भाषाएं होना जरूरी होगा। यह व्यवस्था राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफ-एसई) 2023 के अनुरूप लागू की जा रही है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ, जिसमें जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली शामिल थे, ने मामले की अगली सुनवाई 15 और 16 जुलाई को तय की है।

याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट से मांग की थी कि 1 जुलाई से लागू होने वाली इस नई नीति पर तत्काल रोक लगाई जाए, लेकिन अदालत ने फिलहाल ऐसा कोई अंतरिम निर्देश देने से इनकार कर दिया।

याचिकाकर्ताओं की क्या है आपत्ति?

याचिकाओं में कहा गया है कि यह नीति छात्रों पर अतिरिक्त शैक्षणिक दबाव बढ़ा सकती है और गैर-हिंदी भाषी राज्यों में व्यावहारिक चुनौतियां पैदा कर सकती है। इसके साथ ही यह छात्रों और अभिभावकों की भाषाई पसंद की स्वतंत्रता को प्रभावित कर सकती है। याचिकाकर्ताओं ने अदालत से मांग की है कि इस नीति की संवैधानिक वैधता की समीक्षा की जाए।

एनईपी 2020 से जुड़ा है फैसला

सीबीएसई की यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत प्रस्तावित तीन-भाषा फॉर्मूला का हिस्सा है। इसका उद्देश्य छात्रों को भारतीय भाषाओं से जोड़ना और मातृभाषा आधारित शिक्षा को बढ़ावा देना बताया गया है। अब सीबीएसई, केंद्र सरकार और एनसीईआरटी को दो सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करना होगा। इसके बाद जुलाई में होने वाली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट तय करेगा कि इस नीति पर आगे क्या रुख अपनाया जाए।

अनूप जलोटा को दक्षिण अफ्रीका में मिली मानद सदस्यता

जोहानिसबर्ग। भारत के लोकप्रिय गायक अनूप जलोटा को दक्षिण अफ्रीका में भारतीय प्रवासियों द्वारा भारत की संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए स्थापित उत्तर प्रदेश देवभूमि संगठन (यूपीडेस) की मानद सदस्यता सोमवार को प्रदान की गई। जलोटा ने सप्ताहांत में डर्बन और जोहानिसबर्ग में दो संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत किए। उन्होंने वहां के भारतीय मूल के लोगों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने पांच पीढ़ियों से अपनी संस्कृति को जीवित रखा है। अमेरिका में संगीत कार्यक्रम की यात्रा पर रवाना होने से पहले 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में जलोटा ने याद किया कि वह और भारत के कई अन्य प्रमुख कलाकार दशकों तक दक्षिण अफ्रीका में अपने प्रशंसकों के लिए कार्यक्रम करना चाहते थे।

सिंगापुर की कोर्ट से बड़ा झटका!

बायजू के संस्थापक रवींद्रन को 6 माह की जेल

एजेंसी ▶▶ सिंगापुर

एजुकेशन सेक्टर में ऑनलाइन क्रांति लाने वाली चर्चित एडटेक कंपनी बायजू के संस्थापक बायजू रवींद्रन को सिंगापुर की एक अदालत ने अवमानना के आरोप में छह महीने की जेल की सजा सुनाई है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट में कहा गया है कि यह रवींद्रन के लिए गंभीर और बड़ा झटका है। कोर्ट ने पाया कि रवींद्रन ने अपनी संपत्ति से संबंधित कई आदेशों का उल्लंघन किया था, और यह उल्लंघन अप्रैल 2024 से जारी था। उन्हें अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण करने, 90,000 सिंगापुर डॉलर (70,500 डॉलर) का जुर्माना देने और बीयर इन्वेस्टको प्राइवेट लिमिटेड नामक कॉर्पोरेट यूनिट में अपने कानूनी स्वामित्व को साबित करने वाले दस्तावेज उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है, जिसके पास संबंधित कंपनी में शेयर थे।

दरअसल, रवींद्रन की कंपनी बायजू में दुनियाभर से निवेशकों ने पैसा लगाया था, लेकिन अब निवेशक अपना पैसा मांग रहे है। सिंगापुर में यह केस कतर इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी की एक सहायक कंपनी द्वारा शुरू की गई थी। इस कंपनी ने बायजू में एक फंडिंग राउंड के दौरान निवेश किया था और वह भी तब जब कंपनी पहले से ही कर्मचारियों की छंटनी कर रही थी। अब इसी मामले को लेकर फैसला आया है। इसके अलावा, कई अन्य देशों में भी रवींद्रन के खिलाफ केस दर्ज है।

गुमशुदा की तलाश

निश्चि लाल (78 वर्ष) पिता रामभूरेलाल, निवासी- भाठगांव, ब्लाक नं. 01/22, BSUP कालोनी, मुस्लिम मोहल्ला, थाना- पुरानी बस्ती रायपुर (छ.ग.) रंग-सांवला, हाईट-5.2'', चेहरा- गोल, कपड़ा- सफेद लाइनिंग कलर का शर्ट, कत्था पैंट, हिंदी- छत्तीसगढ़ी बोलता है। मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। किसी व्यक्ति को मिले या दिखे तो नीचे लिखे नंबर पर संपर्क करें। पहुंचाने वाले को 5,000 रुपए ईनाम राशि दिया जायेगा।

आलवीन लाल
मो. 95891 47606, 9630224933

समक्ष श्रीमान् कार्यपालिक दंडाधिकारी महोदय, दुर्ग (छ.ग.)

शपथ-पत्र

मैं शपथकर्ता तेजराम कुम्हार, पिता स्व. चैतराम कुम्हार, आयु 53 वर्ष, निवासी ग्राम टेकारी, तह. अभनपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.) का हूँ जो कि निम्नलिखित कथन सत्यता से शपथपूर्वक प्रस्तुत करता हूं:-

1. यह कि मेरा नाम, पता एवं अन्य जानकारी उपरोक्तानुसार है, जो कि सही एवं सत्य है।

2. यह कि मेरी माताजी का नाम दुर्लेरिन बाई है जिनकी मृत्यु दिनांक 15-07-1983 को गृह ग्राम टेकारी, तह. अभनपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.) में हुआ था, उस समय उनके मृत्यु प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं होने के कारण उनके मृत्यु के उपरांत उनका मृत्यु प्रमाण पत्र एवं मृत्यु पंजीयन नहीं करवाया था।

3. यह कि वर्तमान में मेरी माताजी के मृत्यु प्रमाण पत्र एवं मृत्यु पंजीयन की मुझे आवश्यकता है, अतएव ग्राम पंचायत ग्राम टेकारी तह. अभनपुर जिला-रायपुर (छ.ग.) के उप तहसील कार्यालय से पंजीयन करवाना है जिसके समर्थन में यह शपथ पत्र पत्र पेश है।

4. यह कि मेरी माताजी के मृत्यु प्रमाण पत्र एवं मृत्यु पंजीयन ग्राम पंचायत ग्राम टेकारी तह. अभनपुर जिला-रायपुर (छ.ग.) के उप तहसील कार्यालय से करवाने के उपरांत किसी भी व्यक्ति, संस्था अथवा निकाय को आपत्ति/विवाद होता है तो सारी जवाबदारी मेरे स्वयं की होगी।

अतः यह शपथ-पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
तेजराम कुम्हार

// आम सूचना //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती शबाना बेगम उम्र 42 वर्ष पति श्री अख्तर बेग निवासी दैहान पारा कन्या शाला के सामने चरोदा-1 रायपुर (छ.ग.) के द्वारा विक्रेता श्रीमती अफसाना बी उम्र 41 वर्ष पति- श्री सैय्यद इस्लाम निवासी- मोतीबाग चौक यूनियन क्लब के सामने रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य हक की आवासीय परिवर्तित भूमि पर निर्मित पक्का मकान जिसका खसरा नं.- 180/59 का कुल रकबा 0.0074 हे. याने 798 वर्गफुट परिवर्तित भूमि है जिसके भूतल पर पूरे क्षेत्रफल में पक्का मकान निर्मित है जो कि वाके मौजा ग्राम- मठपुरैना, प.ह.नं.- 61 रा.नि.मं.- रायपुर-14- बोरियाखुर्द, तहसील- रायपुर, जिला- रायपुर (छ.ग.) में नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्र. 60 चंद्रशेखर आजाद वार्ड में स्थित मकान को क्रय करने का सौदा कर विक्रय इकरारनामा दिनांक 14/05/2026 को निष्पादन किया जाकर अग्रिम बयाना राशि विक्रेता को अदा कर दिया गया है तथा विक्रय प्रतिफल की शेष राशि का भुगतान विक्रय विलेख का निष्पादन/ पंजीयन के समय किया जायेगा उक्त पंजीयन की कार्यवाही उप पंजीयन कार्यालय रायपुर छ.ग. मे किया जाना शेष है, इस भूमि के संव्यवहार खरीदी बिक्री के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, बोर्ड, निकाय, साहूकार, प्राधिकरण आदि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मयदस्तावेज के साथ मेरे कार्यालय पते पर आम सूचना प्रकाशन दिनांक से 07 (सात) दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उपरोक्त अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियां शून्य व विधिविरूद्ध समझी जावेगी।

सो सूचना जाने।

स्थान - रायपुर (छ.ग.)
दिनांक:- 26/05/2026

नरेन्द्र साहू (अधिवक्ता)
पता- नया बिल्डिंग नोटरी हॉल क्र.-01, जिला एवं सत्र न्यायालय रायपुर (छ.ग.)
मो.न.- 99076-68494

कार्यालय नगर पंचायत गीदम, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)

दूरभाष एवं फैक्स 07856-244910 Email-cmogeedam@gmail.com

क्रमांक / 504 / रा. / न.पं. / द्वि. नीलामी / 2026-27 गीदम, दिनाँक 27/05/2026

दुकान आबंटन हेतु द्वितीय नीलामी सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि परिषद् की बैठक दिनांक 22.05.2026 संकल्प क्रमांक 01 में लिए गए निर्णय अनुसार नगर पंचायत गीदम क्षेत्रान्तर्गत वार्ड क्र. 07 थाना भवन केम्पस में नवनिर्मित व्यवसायिक परिसर शहीद महेन्द्र कर्मा पालिका बाजार के 22 दुकानों की नीलामी कराया जाना है, जिस हेतु नीलामी दिनांक 09.06.2026 को समय अपरान्ह 10.00 बजे निर्धारित है।

अतः इच्छुक व्यक्ति / फर्म निर्धारित द्वितीय नीलामी में दिनांक के एक दिवस पूर्व नीलामी में पृथक-पृथक आवेदन शुल्क 200.00 रू. नगद एवं अमानत राशि TDR के माध्यम से मुख्य नगरपालिका अधिकारी के नाम से जमा कर नियत तिथि एवं समय पर आवेदन जमा कर नीलामी में भाग ले सकते है, दुकानों की आरक्षण की स्थिति निम्नानुसार है:-

क्र.	दुकान क्र. / आरक्षित श्रेणी	दुकानों की सं.	दुकान की साईज (मी.) में	निर्धारित मूल्य	अमानत राशि
	भूतल				
01	02 – दिव्यांग, 03 - शिक्षित बेरोजगार, 04 - अ.जा 05 - अनारक्षित, 06 - महिला वर्ग, 07 - अनारक्षित, 08- अ.ज.जा, 09- अनारक्षित, 10 – अ.ज.जा	09	6.25x4.10 = 25.62 SQM	1107769	110800
02	11 - अ.ज.जा	01	6.25X5.10 = 31.25 SQM	1350938	135100
03	12 - महिला वर्ग	01	6.40x4.10 = 26.24 SQM	1134355	113450
04	13 – विधवा / परित्यागता	01	6.40x4.00 = 25.60 SQM	1106688	110700
05	16-महिला वर्ग	01	6.30x4.10 = 25.83 SQM	1116631	111700
06	17-अ.पि.व.	01	6.30x4.10 = 25.83 SQM	1116631	111700
	प्रथम तल				
07	18 - स्वत.स.से., 19 – अ.पि.व 20 - भूतपूर्व सैनिक, 21 - अ. ज. जा, 22 - अ.पि.व.,	05	6.25x4.10 = 25.62 SQM	992457	99250
08	23 – अ.पि.व.	01	6.23x4.10 = 25.54 SQM	989281	98950
09	24-अ.ज.जा	01	6.20x4.10 = 25.42 SQM	984516	98450
10	25-अनारक्षित	01	6.20x4.50 = 31.00 SQM	1200630	120100

नियम एवं शर्तें अन्य जानकारी यथावत रहेगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत गीदम
जिला द.ब. दंतेवाड़ा (छ.ग.)

MANAPPURAM FINANCE LTD.

CIN: L65910KL1992PLC006623
Registered Office : W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

नीलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16/06/2026 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन अकाउंट्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुनः सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

धमतरी, बस्तर रोड धमतरी, 0134150700012472, 2893, 2909, 2924, 3500, 0134150730015198, 5766, 5928, 5966, सदर बाजार धमतरी, 0131990700012688, 0131990730008121, 9961, दुर्ग, चारोदा स्वकेयर भिलाई, 0134110700017352, 8477, 9727, 9775, 0172, 0205, 0316, 1191, 1211, 0134110730027925, 8759, 8845, 9133, 9208, 9595, 9741, 9802, 0131, 0132, 2382, चौहान एस्टेट, 0115880700026112, 6250, 6258, 6511, 6552, 8487, 0115880730032220, 3173, 4102, 5297, 5424, गुरुद्वारा स्टेशन रोड, 0112310700023043, 3394, 4983, 5410, 5668, 6203, 0112310730038471, 8472, 4782, 4906, 4936, 5236, 5956, 5957, 5958, 6496, 6962, 7354, कृष्णा थियेटर रोड, 0125930700022777, 4242, 4341, 4414, 4529, 4577, 4611, 4742, 4896, 4897, 5114, 5152, 0125930730021789, 2846, 3198, 3362, 3529, 5007, 0213, 0216, महाराजा चौक, 0116770730020879, 0992, 1545, 1725, 1962, 2094, मालवीय नगर चौराहा, 0116610700018258, 0116610730033496, 4343, 5989, नेहरु नगर भिलाई, 0125780700019599, 1474, 1500, 1551, 1595, 1790, 0125780730025339, न्यू बस स्टैंड दुर्ग, 0126220700016391, 7047, 7799, 0126220730015668, 5669, 7077, 7894, 0155, पावर हाउस चौक भिलाई, 0134030700033206, 3410, 3580, 6104, 6111, 6246, 6363, 6383, 6782, 6792, 6834, 6858, 7072, 7281, 7451, 7625, 8362, 0134030730037834, 8853, 0439, 0462, 0482, 0863, 1308, 1310, 1635, 1645, 2199, 4301, 0319, 0324, संतराबाड़ी , 0112610700018345, 0112610730020383, स्मृति नगर भिलाई, 0115830700015631, 8807, 0115830730014860, 4871, 4876, 5138, 5446, कवर्धा, इंदिरा गाँधी चौक कवर्धा, 0134560700012670, 0134560730017051, 0072, महासमुंद, बस स्टैंड महासमुंद छत्तीसगढ़, 0129980700022597, 2744, 2927, 0129980730025574, 5575, 6505, 6506, 6540, 6916, 7155, 7725, 8629, 8879, सरायपाली छत्तीसगढ़, 0138490750000068, रायपुर, बढ़ईपारा, 0113640700021962, 3260, 4003, 4493, 0113640730021749, 2842, 3268, 3269, 3375, 3748, 3943, 3945, 4876, 4918, 4923, 0185, भनपुरी, 0114590700025832, 6267, 8483, 8496, 8697, 8868, 8912, 9020, 9070, 0114590730016316, 1265, 1284, 1415, 1548, 1689, 1690, 1691, 1748, 1785, 1853, 1863, 1907, 2062, 2437, 2438, 2702, 3159, 3364, 3365, 3375, 5587, 5715, 0140, बंसताल रायपुर, 0124250700010308, 0124250730004563, 5940, बुधापारा रायपुर, 0124430700029476, 9493, 9751, 9862, 0320, 0124430730025224, 5234, 7333, 7564, देवेंद्रनगर रायपुर, 0124680700015165, 5460, 6089, 6102, 0124680730018677, 8679, 8710, 9193, 9660, कटोरा तालाब रायपुर, 0131700700016493, 6915, 6947, 6967, 7133, 7386, 7538, 7568, 7995, 8243, 8249, 0131700730014440, 5906, 5980, 6250, 6730, 6740, 6841, 6842, 6940, 7364, 8308, 2226, गोला रायपुर, 0129340700018798, 8840, 8896, 9674, 0129340730024090, पचपेढ़ीनाका चौक रायपुर, 0128700730022513, 3128, 3417, 5883, 6036, 0128700750000164, पंडरी रायपुर, 0114140700022533, 2606, 2799, 2914, 2935, 3281, 3435, 0114140730021489, 2317, 2339, 4197, सदर बाजार भाटापारा, 0134460700010156, 1497, 1636, 1983, 0134460730010280, संतोषी नगर रायपुर, 0131480700020901, 1138, 1521, 1644, 2725, 0131480730026438, 7549, 7642, 7643, 8921, 9152, 9154, 9833, 9913, 0466, 0145, तेलीबांधा रायपुर, 0123840700025455, 7427, 7548, 7586, 7642, 7863, 7864, 7984, 8324, 8325, 8326, 8327, 8757, 0123840730025062, 5405, 5672, 5673, 6085, 6204, 6313, 6609, 6613, 6621, राजनांदगांव, डोंगरगढ़ राजनांदगांव 0133670700012171, 2369, 0133670730086876, 8828, लालबाग राजनांदगांव, 0133880700018484, 9178, 9230, 9482, 0153, 0133880730043068, 3831, 4111, 6222,

ऊपर बताई गई नीलामी में हिस्सा लेने के इच्छुक व्यक्तियों को नीचे दी गई बातों का पालन करना होगा: इच्छुक बोली लगाने वालों को नीलामी के दिन ही एनईएफटी/आरटीजीएस के जरिए 10,000/- रुपये ईएमडी (जो बोली हारने वालों को वापस कर दिया जाएगा) जमा करना होगा। बोली लगाने वालों के पास वैध आईडी कार्ड/पैन कार्ड होना चाहिए। ज्यादा जानकारी के लिए कृपया 9072607147 पर संपर्क करें।

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु

शब्द पहेली - 6239



बाएँ से दाए
1. धरोहर, थाती-4
5. अकबर के नवरत्नों में से एक-4
8. गुणगान-3
9. प्रेम (अंग्रेजी-2)
11. भरोसा, विश्वास-3
12. दुःख, परेशानी, कष्ट-4
14. हिंदू कैलेंडर में एक माह-2
15. गागर, घड़ा-3
17. जांघ-2
19. असावधान-5
22. करतूत, होशियारी-5
25. डूबा हुआ, समाप्त-2
26. तीक्ष्ण, तेज-3
27. अधर्म, अपकृत्य-2
28. मनमौजी, चंचल-4
30. हत्या, वध-3
31. पंख-2
33. मायका-3
35. व्यापार, व्यवसाय (उर्दू-4)
36. कृपा, रहम (उर्दू-4)

ऊपर से नीचे
2. फूलों का हार-2
3. वेश्या, कोठे पर नाचनेवाली-4
4. शांति, सुख-चैन-3,2
5. अस्वस्थ, मरीज-3
6. दम, ताकत-2
7. भगवान राम के पुत्र-2,2
10. उन्मत, मदमस्त-4
13. दिलीप कुमार व वैजयंती माला की फिल्म (3)
16. बोलने का तरीका-3
17. रास्ता-2
18. पराया-2
20. परीक्षा-3
21. वचन-2
22. खेती-2
23. अभिमान-3
24. फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान खान की मां-2,2
25. बलपूर्वक उठा ले जाना-5
26. ईश्वर, राजा-4
28. मन को अच्छा लगने वाला-4
29. शाप से पीड़ित-3
32. अवकाश, मंजूरी-2
34. संध्या-2

शब्द पहेली- 6238 का हल

सूडोकू नवताल - 6249

★★★★★ कठिनतम

		4			9			
	2			8	4			
8						3		
							9	4
	3						7	
5	6							
		7						9
			2	5			8	
			6			2		

MANGAL SENACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू नवताल - 6248 का हल

5	9	1	2	8	4	3	6	7
6	4	2	3	5	7	9	1	8
8	3	7	9	6	1	4	2	5
4	7	5	8	2	6	1	9	3
3	6	9	7	1	5	8	4	2
1	2	8	4	3	9	7	5	6
7	5	6	1	9	8	2	3	4
9	8	3	5	4	2	6	7	1
2	1	4	6	7	3	5	8	9